**उत्तर प्रदेश सरकार**
**संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग–2**
**संख्या-क0नि0-2-729/ग्यारह–9(1)/2008–उ0प्र0अधि0–5–2008–आदेश–(98)–2013**
**लखनऊ: दिनांक: 13 जून, 2013**

## अधिसूचना

चूंकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है ;

अतएव, अब, उत्तर प्रदेश मूल्य सवंर्धित कर अधिनियम, 2008 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5, सन् 2008) की धारा 74 के साथ पठित धारा 4 की उपधारा (4) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल, उक्त अधिनियम की अनुसूची–दो एवं अनुसूची–चार में दिनांक 15 दिसम्बर, 2012 से निम्नलिखित संशोधन करते हैं:–

## संशोधन

(क) अनुसूची–दो में, भाग–ग में, कम संख्या 236 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियॉ स्तम्भवार रख दी जायेंगी:–

| कम संख्या | माल का नाम और विवरण |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 236 | कच्चा तम्बाकू जिसमें विभिन्न साइज में कटे हुए कच्चे तम्बाकू तथा टोबैको रिफ्यूज सम्मिलित हैं। |

(ख) अनुसूची–चार में, कम संख्या 14 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियॉ स्तम्भवार रख दी जायेंगी:–

| कम संख्या | माल का नाम और विवरण | कर का बिन्दु | कर की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 14 | खैनी, जर्दा, सुर्ती, अन्य निर्मित तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद जिसमें बीड़ी एवं सिगरेट/सिगार अपवर्जित है। | नि0 या आ0 | 30% |

**आज्ञा से,**

**(बीरेश कुमार)**
**प्रमुख सचिव।**